VPAS
विक्टोरियन
पेरिनैटल
ऑटोप्सी
सेवा

आपके शिशु की पोस्टमार्टम जांच

हमें आपके शिशु के गुजर जाने का बहुत अफ़सोस है।

आपको यह सूचना पत्र इसलिए दिया गया है क्योंकि आपने अपने शिशु की पोस्टमार्टम जांच के लिए सहमति दी है।

यह जांच हमें आपके शिशु की मृत्यु के कारणों के बारे में अधिक से अधिक जानने में मदद करेगी।

आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम ने आपके साथ आगे की जांच के लिए आपके विकल्पों पर चर्चा की होगी।

'यह तय करना कि आपके शिशु की पोस्टमार्टम जांच होनी चाहिए या नहीं' पुस्तिका सहित आपको अन्य लिखित जानकारी भी दी गई होगी।

यदि नहीं, तो आप एक प्रति मांग सकते हैं। या आप इसे पढ़ने के लिए इस सूचना पत्र के अंत में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं।

यह सूचना पत्र बताता है कि आगे क्या होता है, परीक्षण कहाँ होगा तथा और अधिक जानकारी के लिए किससे संपर्क करना है।

पोस्टमार्टम के लिए सहमत होने के बाद क्या होता है?

आपके द्वारा अपने शिशु के साथ कुछ समय बिताने के बाद, आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम विक्टोरियन पेरिनैटल ऑटोप्सी सर्विस (VPAS) समन्वयक को बताएगी कि आपका शिशु पोस्टमार्टम जांच के लिए तैयार है। VPAS समन्वयक आपके शिशु को जांच के लिए विशेषज्ञ साइट पर स्थानांतरित करने की व्यवस्था करेगा।

आप अपने शिशु के आपकी देखभाल छोड़ने के समय से ही VPAS समन्वयक से संपर्क कर सकते/ती हैं। वे आपके सवालों के जवाब देने और आपको जितनी जानकारी चाहिए उतनी जानकारी देने के लिए मौजूद हैं।

आपको इस सूचना पत्र के अंत में उनका विवरण मिलेगा।

पोस्टमार्टम कहां होगा?

आपके शिशु का पोस्टमार्टम यहां होगा:

- ☐ द रॉयल विमेंस हॉस्पिटल, पार्कविले (रॉयल चिल्ड्रेन हॉस्पिटल पैथोलॉजी)
- ☐ मोनाश हेल्थ, क्लेटन (मोनाश पैथोलॉजी)
- ☐ द मर्सी हॉस्पिटल फॉर विमेन, हीडलबर्ग (ऑस्टिन पैथोलॉजी)

पोस्टमार्टम में कितना समय लगता है?

पोस्टमार्टम की जांच एक्स-रे या एमआरआई जैसे बाहरी परीक्षणों से शुरू होगी। ये परीक्षण जल्द से जल्द किए जाएंगे, लेकिन इसमें कुछ दिन लग सकते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि ये सेवाएं कब उपलब्ध हैं। इन परीक्षणों के पूरा होने के बाद, आंतरिक जांच (सर्जरी संबंधी प्रक्रिया) की जा सकती है। आंतरिक जांच में लगभग तीन घंटे लगेंगे।

हम समझते हैं कि आपके लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपका शिशु हमारी देखभाल में कितने समय तक रहेगा, क्योंकि इससे आपके शिशु के अंतिम संस्कार की आपकी योजनाओं पर असर पड़ सकता है।

एक बार जब आपका शिशु विशेषज्ञ साइट पर होता है, तो VPAS समन्वयक आपको इस बारे में और अधिक सटीक जानकारी दे सकता है कि आपका शिशु आपको कब लौटाया जाएगा।

पोस्टमार्टम के बाद क्या होता है?

जब हम पोस्टमार्टम पूरा कर लेंगे, तो हम आपके अंतिम संस्कार निदेशक के साथ मिलकर आपके शिशु को हमारी देखभाल से सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से उनके पास स्थानांतरित करेंगे।

क्या आप पोस्टमार्टम के बाद अपने शिशु को देख सकते हैं?

हाँ। कुछ माता-पिता पोस्टमार्टम जांच के बाद अपने शिशु के साथ समय बिताना चुनते हैं, या तो जब उनका शिशु अंतिम संस्कार निदेशक की देखभाल में होता है या कुछ मामलों में, घर पर होता है।

यह आपके परिवार का व्यक्तिगत निर्णय है। यदि आपके शिशु का पूर्ण या सीमित पोस्टमार्टम होता है, तो प्रसवकालीन रोगविज्ञानी (डॉक्टर) उसके ऊतकों और अंगों की जांच करने के लिए सर्जिकल छेद (चीरे) करेंगे। जांच के बाद, वे इन चीरों को सावधानीपूर्वक बंद कर देंगे। एक बार जब आपके शिशु को कपड़े पहना दिए जाते हैं, तो चीरे दिखाई नहीं देंगे।

आपको पोस्टमार्टम के नतीजे कब मिलेंगे?

पोस्टमार्टम जांच के बाद, प्रसवकालीन रोग विशेषज्ञ एक विस्तृत रिपोर्ट लिखेंगे जिसमें बताया जाएगा कि उन्हें क्या मिला। रिपोर्ट आमतौर पर 10 से 12 सप्ताह के भीतर पूरी हो जाती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किन परीक्षणों की आवश्यकता है और परिणाम प्राप्त करने में कितना समय लगता है।

रिपोर्ट उस डॉक्टर को भेजी जाएगी जिसने आपकी और आपके शिशु की देखभाल की थी।

वे आपके शिशु की पोस्टमार्टम जांच के दौरान क्या पाया गया, इस पर चर्चा करने के लिए आपके साथ एक अनुवर्ती नियुक्ति (फॉलो-अप अपॉइंटमेंट) की व्यवस्था करेंगे।

शोक सहायता और जानकारी

यदि आपको और अधिक जानकारी तथा सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया अपनी स्वास्थ्य सेवा टीम से बात करें।

आप निम्नलिखित जानकारी के लिए इन क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते/ती हैं:

Bereavement resources

VPAS Family information

वीपीएएस समन्वयक से संपर्क करें यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है

T 1800 841 024
E VPAC@thewomens.org.au

समय

सोमवार-शुक्रवार

सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक।